


# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर



**सुविचार -**
सोच हमेशा सकारात्मक रखिए।
आपकी सकारात्मक सोच आपकी
मानसिकता को प्रभावित करेगी और
इससे कामयाबी आपके कदम चूमेगी।

शनिवार, 30 अगस्त 2025 । भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी | वर्ष - 07 | अंक 19 | पृष्ठ 02 | Reporttimes.in@gmail.com | www.reporttimes.in



## अटूट आस्था का प्रतीक पुणे का दगदुसेठ हलवाई गणपति मंदिर

प्रेम प्रकाश पारीक. विशेष संवाददाता, रिपोर्ट टाइम्स. मुंबई। महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी पुणे का दगदुसेठ हलवाई गणपति मंदिर अपनी अटूट आस्था और सामाजिक संदेशों के लिए जाना जाता है। इसकी स्थापना श्री दगदुसेठ हलवाई ने की थी और आज यह दुनिया के सबसे धनी मंदिरों में से एक है। इस पंडाल की खासियत इसकी शानदार थीम-बेस्ड सजावट है। हर साल, यह पंडाल एक नई और चौंकाने वाली थीम (जैसे सामाजिक मुद्दे, पर्यावरण संरक्षण, ऐतिहासिक घटनाएं) लेकर आता है, जो क्रिएटिविटी का बेहतरीन नमूना पेश करती है और लोगों को जागरूक भी करती है।

## चिड़ावा प्रधान का ऑडियो वायरल मामला गर्माया

### प्रधान रोहिताश बोले पुराना ऑडियो हो रहा वायरल





आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। चिड़ावा पंचायत समिति में भ्रष्टाचार का जिन्न एक बार फिर बाहर आ गया है। व्हाट्सएप पर वायरल हुई एक 13 मिनट 10 सेकेंड की ऑडियो रिकॉर्डिंग ने पूरे इलाके की सियासत गरमा दी। रिकॉर्डिंग में कथित तौर पर पंचायत समिति प्रधान रोहिताश धांगड़ और पंचायत समिति सदस्य बनारसी देवी के ठेकेदार पुत्र राजकुमार माहिच की बातचीत सामने आई है, जिसमें बिल भुगतान के बदले 30-40 प्रतिशत तक कमीशन तय करने की चर्चा सुनाई देती है। बताया जा रहा है कि वायरल ऑडियो में कथित तौर पर चिड़ावा प्रधान रोहिताश धांगड़ बीडीओ, एईएन और जेईएन व अकाउंटेंट तक के कमीशन का प्रतिशत बता रहे हैं। उससे ज्यादा कमीशन ले तो वो कार्रवाई की भी बात कह रहे हैं। हालांकि भास्कर डिजिटल इसकी पुष्टि नहीं करता है। इधर प्रधान ने विपक्ष पर आरोप लगाया है कि एक साल पूर्व जब वे प्रधान नहीं थे, ये ऑडियो तब का है और उस समय के इस ऑडियो को बेवजह तूल दिया जा रहा है। इसके बाद ही पूर्व प्रधान इंदिरा डूडी पर भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप लगे थे। पंचायत समिति सदस्यों ने मेरे (भाजपा नेता रोहताश धांगड़) के नेतृत्व में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। जिसके चलते डूडी को प्रधानी गंवानी पड़ी थी। फिर मैं प्रधान बना। वहीं राजकुमार ने कहा कि एक पुराने मामले में पुराने ऑडियो को जबरदस्ती वायरल किया जा रहा है। मेरा जो भी मेटर था वो सॉल्व हो चुका है। इसमें प्रधान रोहिताश सिंह का कोई रोल नहीं है। इस पूरे मामले में प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व भी सक्रिय हुआ और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ट्वीट किया कि भाजपा सरकार में खुलेआम "कमीशन के काउंटर" चल रहे हैं। भाजपाई भ्रष्टाचार का तंत्र इस कदर पैर पसार चुका है, हर जगह कमीशन की पर्चियां काटी जा रही हैं। उन्होंने लिखा है कि जनता के टैक्स का पैसा विकास कार्यों की जगह भ्रष्टाचारियों की जेब में जा रहा है। मगर हैरानी इस बात की है कि भ्रष्टाचार के सबूत सामने आने के बाद भी मुख्यमंत्री से लेकर मुख्य सचिव तक पूरी सरकार में सन्नाटा पसरा है। झुंझुनूं जिले की चिड़ावा पंचायत समिति में कांग्रेस की प्रधान को झूठे आरोप लगाकर पद से हटाकर बीजेपी के बनाए प्रधान रोहिताश धांगड़ खुद स्वीकार कर रहे हैं कि बिल पास कराने के लिए 30% तक कमीशन का खेल चल रहा है। प्रधान, वीडीओ, इंजीनियर, एक्सईएन, अकाउंटेंट हर स्तर पर धड़ल्ले से कमीशनखोरी चल रही है।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ आज शिक्षक भवन में बनायेंगे विस्तृत संघर्ष समिति

राजेन्द्र सिंह | झुंझुनूं

संयुक्त किसान मोर्चा ने झुंझुनू विद्युत वितरण निगमों के चेयरमैन आरती डोगरा के स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता खत्म करने के आदेश को भ्रामक बताते हुए कहा कि यह आदेश सिर्फ जन आक्रोश को ठण्डा करने का प्रयास है जो किसी सूरत में सफल नहीं होने दिया जाएगा। स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन को तेज करने व राज्य स्तरीय आंदोलन करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से 30 अगस्त को शिक्षक भवन झुंझुनूं में सभी संघर्षशील संगठनों व व्यक्तियों को शामिल कर झुंझुनूं जिला की विस्तृत संघर्ष समिति का गठन करके भावी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। स्मार्ट मीटर जबरन लगाने की कार्यवाही बिजली वितरण कंपनियों को मुनाफे में लाकर बेचने की तरफ बढ़ते कदम हैं । बिजली सुधार कानून 2023 के तहत बिजली राज्यों के अधिकार क्षेत्र से छीनकर केंद्र के हाथ में लेकर बिजली के निजीकरण की मुहिम को तेज करना चाहते हैं । ये जानकारी संयुक्त किसान मोर्चा के प्रवक्ता फूलचंद बर्वर और रामचंद्र कुलहरि ने दी।

## 30 जिलों में कल बारिश का अलर्ट



रिपोर्ट टाइम्स | जयपुर


राजस्थान में शुक्रवार को जयपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, अजमेर, बाड़मेर, सीकर, राजसमंद, हनुमानगढ़ समेत कई जिलों में बारिश हुई। उदयपुर, डूंगरपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, जयपुर समेत कई जिलों में 1 से लेकर 4 इंच तक बरसात दर्ज हुई। तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। चित्तौड़गढ़ में रूपारेल नदी में एक परिवार के 5 लोग बह गए। पांचों एक बाइक पर सवार थे। तीन लोगों को बचा लिया। मां-बेटी लापता हैं। पाली में शुक्रवार शाम बाइक सवार पति-पत्नी नदी में बह गए। करीब 150 फीट दूर पति ने पेड़ और पत्नी ने झाड़ियों को पकड़ लिया। पुलिस ने रस्सियों के सहारे दंपती को सकुशल बाहर निकाला। उदयपुर में पानरवा-कोटड़ा हाईवे पर खाचन गांव के सरकारी स्कूल के सामने पुल का आधा हिस्सा टूटकर गिर गया। उदयपुर के झाड़ोल में मानसी वाकल बांध का एक गेट खोला गया। झुंझुनूं के उदयपुरवाटी में शुक्रवार सुबह कुंड में डूबने से जीजा-साली की मौत हो गई। चित्तौड़गढ़, सलूंबर और उदयपुर (शहर को छोड़कर) में शनिवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है।



## झुंझुनूं में होटल मिडटाउन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### जुआ खेलते 10 गिरफ्तार, 80,200 रुपये जब्त

कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. झुंझुनूं। कोतवाली थाना पुलिस ने 28 अगस्त 2025 को बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के रोड नंबर 01 पर बीडीके अस्पताल के सामने स्थित होटल मिडटाउन में चल रहे जुए के अड्डे का पर्दाफाश किया। पुलिस ने छापेमारी कर 10 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जिनमें होटल मैनेजर भरतसिंह भी शामिल है। मौके से 80,200 रुपये नकद और चार जोड़ी ताश की गड्डियां बरामद की गईं। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत और वृताधिकारी वीरेंद्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन तथा थानाधिकारी हरजिंदर सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। टीम में कांस्टेबल संदीप बोराण ने अहम भूमिका निभाई। सूचना मिली थी कि होटल के कमरा नंबर 215 में 8–10 लोग रुपये दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस पर पुलिस ने तुरंत दबिश देकर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि होटल मैनेजर भरतसिंह आरोपियों से प्रतिदिन करीब 2,000 रुपये लेकर उन्हें जुआ खेलने की अनुमति देता था। इसी कारण उसे भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कैयूम पुत्र सदीक खान (24), मोहम्मद आबिद अली पुत्र आमीन (40), तौफिक पुत्र लियाकत अली (30), अब्दुल अजीज पुत्र जमालुद्दीन (40), आकाश पुत्र राजकुमार सांसी (27), जाकिर अली पुत्र सब्बीर अली (31), शाहिद अनवर पुत्र मोहम्मद सद्दीक (30), समीर पुत्र मोहम्मद सलीम (32), अब्दुल सतार पुत्र इकबाल (38) सभी निवासी झुंझुनूं और होटल मैनेजर भरतसिंह पुत्र सुमेर सिंह (35) निवासी चारणवास शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि यह मामला संगठित अपराध से जुड़ा है।



## घर घर हो रही गणपति की पूजा...

रोहित कुमार. रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। गणपति बप्पा के जयकारों से शहर गुंजायमान है, तो वहीं घरों में भी लोग उत्साह के साथ गणेश की मान मनुहार में जुटे हैं। श्री रामलीला परिषद और श्री विवेकानंद मित्र परिषद के संरक्षक मोतीलाल शर्मा के निवास शर्मा भवन में भी गणेश विराजे हैं। विकास - नूतन शर्मा और उनकी बच्चियों ने गणपति मंडप की नयनाभिराम सजावट की है।

## भगवान देवनारायण के घोड़े लीलण का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया

रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। देवनारायण भगवान के प्रिय नीले घोड़े लीलण का अवतरण दिवस चिड़ावा के देव नारायण महाराज मंदिर श्रीधर यूनिवर्सिटी के पीछे में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें रात्रि जागरण और प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया और देवनारायण महाराज का आशिर्वाद प्राप्त किया।



# गणपति पांडालों में श्रद्धालुओं की भीड़

## भाजपा नेता सुरेश भूकर ने किया विशेष पूजन

संजय दाधीच, ब्यूरो हेड, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। चिड़ावा शहर में गणपति पांडालों में गजानन के दरबार भक्तों से गुलजार हो रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों को पहुंच रहे हैं। विवेकानंद चौक में चौक के राजा के दरबार को भी प्रतिदिन अलग अलग झांकी के रूप में सजाया जा रहा है। गुरुवार रात्रि को पूजा में भाजपा नेता सुरेश भूकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से साम्प्रदायिक सौहार्द बढ़ता है और एकता की भावना जागृत होती है। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा की। पंडित सुनील शर्मा भोला के सानिध्य में हुई पूजा में भूकर के साथ विहिप प्रखंड अध्यक्ष रमेश स्वामी ने भी भाग लिया। भगवान गणपति की मूर्ति का तिलक लगाकर व भोग लगाया गया। इसके बाद आरती हुई जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इधर शहर के अड़ावतिया कॉलोनी, गौशाला रोड सहित विभिन्न स्थानों पर पांडालों को बेहद शानदार तरीके से सजाया गया है। कार्यकर्ता पांडालों में दिनभर कार्यक्रमों को लेकर जुटे रहते हैं। विवेकानंद चौक में शुक्रवार को शाम पांच बजे अमृतवाणी पाठ होगा। शनिवार को भंडारे का आयोजन होगा। रविवार को रात को आरती के बाद बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होने। वहीं सोमवार को महा आरती होगी। मंगलवार को सुबह हवन के बाद मूर्ति जुलूस के साथ विसर्जन के लिए रवानगी होगी। इस मौके पर केवलदास मंदिर महंत जयराम स्वामी, विवेकानंद मित्र परिषद संरक्षक रोहिताश्व महला, संदीप फतेहपुरिया, महेश शर्मा धन्ना, बबलू गोयल, राजू मराठा, रमेश मराठा, सुरेश डालमिया, रविकांत भगेरिया, मकरंद मराठा, भूपेंद्र, राजहंस, अक्षित, कुलदीप भगेरिया, शुभम शर्मा, सुभाष पंवार, सुभाष धाबाई, रवि भारतीय,अविनाश सेन, बुधराम वर्मा, सुनील सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


# वन विभाग की टीम को देखकर गाड़ी ले भागा अवैध लकड़ी तस्कर, लेकिन पिकअप पलटी तो आया पकड़ में



आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स | चिड़ावा

चिड़ावा क्षेत्र में वन विभाग की टीम को देखकर अवैध लकड़ी तस्कर पिकअप को भगाने लगा। करीब 500 मीटर बाद पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई और पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। झुंझुनू के डीसीएफ उदाराम सियोल ने चिड़ावा क्षेत्र में अवैध लकड़ी की तस्करी पर रोक लगाने के लिए रात तीन बजे कार्रवाई की। उन्होंने क्षेत्रीय वन अधिकारी सुमन कुमारी और वन विभाग की टीम के साथ रात्रि गश्त के दौरान 10 क्विंटल खेजड़ी की लकड़ी से भरी एक पिकअप को पकड़ा। पीलोद चौकी के पास वन विभाग की टीम को देखकर पिकअप चालक विनोद कुमार ने गाड़ी भगाने की कोशिश की। करीब 500 मीटर दूर भावठड़ी की ओर मोड़ते समय पिकअप पलट गई। क्रेन की मदद से गाड़ी को खड़ा किया गया। ड्राइवर विनोद को कोई चोट नहीं आई। आरोपी ड्राइवर विनोद कुमार सोलाना गांव का रहने वाला है। उसे राजस्थान वन अधिनियम 1953 की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। वन विभाग की कार्रवाई टीम में क्षेत्रीय वन अधिकारी चिड़ावा सुमन कुमारी के साथ रेंज के वनपाल मुकेश नूनिया, सुधीर भडिया, वन रक्षक प्रकाश आनन्द बुडानिया और ड्राइवर राजकुमार आदि शामिल रहे।

## डालमिया विद्या मंदिर में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। डालमिया विद्या मंदिर में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पराग डालमिया ने वर्चुअल माध्यम से विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठवीं 'ब' की छात्रा जाह्नवी ने किया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी 'ब' के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 6 की मोनिका ने अंग्रेजी में तथा कक्षा 8 की गीतिका ने हिंदी में भाषण देकर खेलों के महत्व को उजागर किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य शक्तिसिंह तथा प्राथमिक विभाग प्रभारी नमीता चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में प्रधानाचार्य ने मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने भारत की हॉकी टीम को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण पदक दिलाकर देश का गौरव बढ़ाया। विद्यालय में अभ्यास एवं सेमीफाइनल राउंड के बाद चयनित खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक करीब 800 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जलेबी रेस, बैलून रेस, बॉल विथ बकेट रेस, लेमन एंड स्पून रेस, वन लेग रेस, सेक रेस, बुक बैलेंसिंग रेस, रिंग रेस, थ्रो बॉल, फुटबॉल, खो-खो और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया और विजेताओं का चयन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पीटीआई अनिल कुल्हार, अमित चौहान, खुशबू कंवर सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर उत्साह, खेल भावना और देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा।

# बस बेचने के नाम पर 8 लाख की ठगी, 2 साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

**चिड़ावा पुलिस ने जयपुर से दबोचा वांटेड अपराधी, यूपी में भी दर्ज है केस**



राजेंद्र सिंह, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा

चिड़ावा पुलिस ने बस के फर्जी मालिक बनकर ₹8.31 लाख की ठगी करने वाले ₹2000 के इनामी बदमाश मानसिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले दो साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे जयपुर से गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बृजेश उपाध्याय के निर्देश पर और चिड़ावा वृत्ताधिकारी विकास धीधवाल के सुपरविजन में की गई। मामला 19 अगस्त 2023 का है, जब बालोतरा निवासी सागरराम ने चिड़ावा थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में सागरराम ने बताया कि उसने ओलेक्स पर एक बस का विज्ञापन देखा। उसके दोस्त जयप्रकाश ने रायबरेली, उत्तर प्रदेश के संजय कुमार वर्मा से उसका संपर्क कराया। संजय ने बताया कि बस झुंझुनू में मानसिंह के पास खड़ी है। सागरराम 21 अक्टूबर 2022 को चिड़ावा आया और उसने मानसिंह से बस का सौदा ₹10.31 लाख में तय किया। उसी समय उसने मानसिंह को ₹8.31 लाख नकद दे दिए। मानसिंह ने बाकी ₹2 लाख बाद में देने की बात कही और वादा किया कि वह 11 नवंबर 2022 तक बस के दस्तावेज और एनओसी सौंप देगा। उसने तहसील परिसर चिड़ावा में एक शपथ पत्र भी दिया। निर्धारित समय पर जब मानसिंह ने दस्तावेज नहीं दिए, तो सागरराम ने उससे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह टाल-मटोल करता रहा। बाद में मानसिंह के फोन नंबर भी बंद आने लगे। जब सागरराम ने 12 जुलाई 2023 को उससे दोबारा संपर्क किया, तो मानसिंह ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि उसने उसकी अनपढ़ता और भोलेपन का फायदा उठाकर पैसे हड़प लिए है। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की और मानसिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप साबित पाया। आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस ने उसे टॉप-10 वांटेड अपराधियों की सूची में शामिल कर ₹2000 का इनाम घोषित किया था। एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें कांस्टेबल अमित सिहाग को सूचना मिली कि मानसिंह जयपुर में है। आरोपी लगातार नेपाल, दिल्ली, अजमेर और जयपुर में अपनी जगह बदल रहा था। पुलिस टीम ने जयपुर में दबिश देकर उसे 28 अगस्त 2025 को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह रायबरेली, उत्तर प्रदेश में भी धोखाधड़ी के एक मामले में फरार है। आरोपी को 29 अगस्त 2025 को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस ऑपरेशन को सफल बनाने वाली टीम में थानाधिकारी आशाराम गुर्जर के साथ हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह चावला, हेड कांस्टेबल सवाई सिंह, कांस्टेबल विजयपाल और कांस्टेबल अमित सिहाग शामिल रहे।

# चिड़ावा में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स | चिड़ावा

पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को डालमिया खेल परिसर, चिड़ावा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलदीप कुल्हार और कोच अमित कुमार की मौजूदगी में अनेक खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कोच जयसिंह धनखड़, राजस्थान व्हीलचेयर रग्बी टीम के कोच होशियार सिंह भौमपुरा, राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी अरुण दाधिच गिड़ानिया, विमल योगी, संदीप सिंह और अरुण रेपसवाल सहित कई खिलाड़ी उपस्थित रहे। जयसिंह धनखड़ ने कहा कि पैरा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन को नई दिशा देने के साथ-साथ अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में डालमिया खेल परिसर के प्रशासन की ओर से सभी पैरा खिलाड़ियों और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। वहीं राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी अरुण दाधिच गिड़ानिया, विमल योगी, संदीप सिंह और अरुण रेपसवाल ने सम्मान पर खुशी जताई

## बेटियों को मिली स्टेशनरी, जुराब तो दौड़ी खुशी की लहर



रिपोर्ट टाइम्स. सूरजगढ़। पीएमश्री श्रीकृष्ण परिषद् राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजगढ़ में बेटियों को स्टेशनरी व जुराब वितरित किए गए। डॉ. अनिल कुमार शर्मा अनमोल ने बताया कि संत कुमार झुंझुनूवाला की तरफ से कक्षा 1 से 8 तक की बेटियों को स्टेशनरी व जुराब वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुमन वर्मा ने की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष सज्जन कुमार अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि भामाशाह प्रतिनिधि इंद्र कुमार सैनी, एसीबीईओ अनिल कुमार शर्मा व सुनील पालीवाल रहे। संस्था प्रधान सुमन वर्मा ने बताया कि विद्यालय के प्रेरक शिक्षक डॉ.अनिल शर्मा अनमोल के आग्रह पर भामाशाह द्वारा स्टेशनरी व जुराब वितरित किए गए। डॉ.शर्मा भामाशाहों को प्रेरित कर विद्यालय के शैक्षिक व भौतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। इस अवसर पर संस्था प्रधान सुमन वर्मा, एसएमसी अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल, भामाशाह प्रतिनिधि इंद्र कुमार सैनी, एसीबीईओ अनिल कुमार शर्मा, सुनील पालीवाल, मनोहर लाल जांगिड़, डॉ. अनिल शर्मा अनमोल, लक्ष्मण राम धायल, मनीषा सैनी, मंजू, मनोज कुमारी, कविता कटारिया, विमला, प्रतिज्ञा शर्मा सहित विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।